# आकाशवाणी शिमला

**26.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी.एस.टी. बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर प्रसन्नता जताई है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पूरा देश उत्सव की भावना में डूबा हुआ है और श्रद्धा, स्नेह व परंपरा का संगम देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में स्वदेशी वस्तुओं की भी जबरदस्त खरीददारी हुई है जो खुशी की बात है।

ऑप्रेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि एक समय माओवादी आतंक से प्रभावित इलाकों में भी इस बार खुशी के दीये जलाए गए।

प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की भी चर्चा की। ये गीत आगामी 7 नवम्बर को अपनी रचना के एक सौ 50वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से वंदे मातरम के महिमामंडन के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदे मातरम एक सौ 50 के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

## सराहना

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने डिजिटल गवर्नेंस सुधारों के अनुरूप लोक निर्माण विभाग के सौ कार्यालयों को ई–ऑफिस प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए विभाग की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग में अब फाइलों का संचालन ई–ऑफिस के माध्यम से सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री के अनुसार विभाग में आंतरिक संचार भी अब आधिकारिक ईमेल के माध्यम से हो रहा है जिससे कार्य में अनावश्यक विलम्ब में कमी आई है। इस बीच लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि ये डिजिटल परिवर्तन विभाग को अधिक पारदर्शी, कुशल और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## प्रदर्शनी

हथकरघा कारीगरों को प्रोत्साहित करने व उनके उत्पादों को बाजार देने के उद्देश्य से शिमला के रिज मैदान पर वस्त्र मंत्रालय द्वारा 'सूत संगम' हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। तीस अक्तूबर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 18 राज्यों के हथकरघा कारीगरों के 70 स्टॉल लगाए गए हैं। इसमें 15 राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हथकरघा कारीगर हिस्सा ले रहे हैं। हैंडलूम एक्सपो में हिमाचल प्रदेश के हथकरघा उत्पादों के अलावा दूसरे राज्यों के उत्पाद भी खासे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जीएसटी में छूट का भी हथकरघा कारीगरों को काफी लाभ हुआ है।

*अंशुल मल्होत्रा है और मैं हिमाचल प्रदेश मंडी से बिलोग करती हूं कृष्णा वूल मेरी ऑर्गेनाइजेशन का नाम है और मैं नारी शक्ति अवार्ड हूं 2022 कि हम लोग एक्चुअली हिमाचली सोंग्स को पुराने डिजाइंस को रिवाइव और कंजर्व करके 12 कर रहे हैं अगर आप पीछे मेरे बैकग्राउंड में देखेंगे तो यह सारा किन्नौरी शॉल और हिमाचली शॉल देन जो प्योर वूल पर बनी है और एक खड्डियों पर बनी है सबसे पहले तो जो डिजाइन सेंटर जो हमारा मिनिस्ट्री ऑफ़ टेक्सटाइल है उनका थैंक्स करुंगी कि हम सब एडिशंस को एक बहुत अच्छा प्लेटफार्म दिया।*

## मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने पूरे प्रदेश में आपदा राहत पैकेज लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिमंडल की शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में ये निर्णय लिया गया। अभी तक ये राहत राशि मंडी जिले के लिए लागू थी लेकिन अब पूरे प्रदेश में उन लोगों को राहत दी जाएगी जिनके मकान आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों में जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि जिन लोगों के मकान पूरी तरह नष्ट हुए हैं उन्हें चार लाख रूपए की पहली किश्त दी जाएगी जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए डेढ़ लाख रूपए एकमुश्त दिए जाएंगे।

## सेब कारोबार

देश की आधुनिक मंडियों में शुमार सोलन सेब मंडी में इस बार सेब का 9 करोड़ रूपए का कारोबार हुआ है। इस सीज़न के दौरान करीब 20 लाख सेब पेटियां सोलन सब्ज़ी मण्डी पहुंची हैं। ए.पी.एम.सी. के सचिव राघव सूद ने बताया कि परवाणू सेब मण्डी में भी करीब 10 लाख सेब पेटियां पहुंच चुकी हैं।